साइबर अपराध के संदिग्ध लेनदेन पर पूरा बैंक खाता फ्रीज नहीं कर सकती जांच एजेंसी : कोर्ट

संदिग्ध रकम तक ही रहेगा लियन, खाताधारक को वैध धन के संचालन से नहीं रोका जा सकता

विसं, जागरण ● लखनऊ : इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि साइबर अपराध से जुड़े संदिग्ध लेनदेन के आधार पर जांच एजेंसी किसी व्यक्ति का पूरा बैंक खाता डेबिट फ्रीज (रकम निकालने पर रोक) नहीं कर सकती। खाते पर रोक संदिग्ध अपराध की रकम तक ही सीमित और आनुपातिक होनी चाहिए। जांच अधिकारी को बैंक को एफआइआर या अपराध संख्या, खाते पर रोक लगाने का आधार और लियन (खाते में रोके गए रुपये) के लिए निर्धारित कारण की स्पष्ट जानकारी देनी होगी। इसकी सूचना संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट को भी कानून के अनुसार देनी होगी।

न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अम्बरीश कुमार चौधरी की पीठ ने लखनऊ के कारोबारी रितेश यादव की याचिका निस्तारित करते हुए उनके बैंक खातों को डी-फ्रीज करने और 36 हजार रुपये से अधिक की रकम के संचालन की अनुमति देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि 36 हजार रुपये पर लियन बना रहेगा। याचिकाकर्ता के अनुसार, कर्नाटक में साइबर अपराध की जांच के दौरान उनके बंधन बैंक खाते में 36 हजार रुपये की संदिग्ध रकम आने के बाद बंधन बैंक, आइसीआइसीआइ और एक्सिस बैंक के खाते फ्रीज किए गए थे। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जांच एजेंसी की कार्रवाई से व्यक्ति की पूरी वित्तीय गतिविधियां और वैध कारोबार ठप नहीं होना चाहिए।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे में भ्रष्टाचार के आरोपों पर हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

जनहित याचिका में रिटायर्ड जज या सीबीआइ से जांच की मांग अत्यधिक टोल टैक्स की दरों को भी घटाने का किया अनुरोध

विसं, जागरण ● लखनऊ : लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के शुरू होने के 26 दिनों के भीतर 74 स्थानों पर गड्ढे बनने और सड़क के क्षतिग्रस्त होने के आरोपों को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने केंद्र और राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और प्रदेश के परिवहन विभाग को याचिका में लगाए गए आरोपों पर विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिका में कहा गया है कि 4,700 करोड़ रुपये की लागत से बने एक्सप्रेसवे के चालू होने के 26 दिनों के भीतर ही 74 स्थानों पर गड्ढे बन गए। याचिका में भ्रष्टाचार की स्वतंत्र जांच और टोल टैक्स की दरों में कमी की मांग की गई है। कोर्ट ने सभी संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है।

हमीरपुर में स्कूल के लिए सड़क नहीं, दैनिक जागरण की खबर का हाई कोर्ट ने लिया संज्ञान

विसं, जागरण ● प्रयागराज : हमीरपुर जिले के चंदूपुर गांव में स्कूली बच्चों को विद्यालय तक जाने के लिए सड़क न होने की दैनिक जागरण की खबर पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 24 अगस्त को होगी। बच्चों ने सड़क की बदहाली के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने ग्राम किसी ठिठल यात्रा की। कोर्ट ने टिप्पणी की कि बच्चों को अपने बुनियादी अधिकार के लिए प्रदर्शन करने को मजबूर नहीं होना चाहिए।

'बांझ' कहना हर मामले में क्रूरता नहीं, हाई कोर्ट ने वैवाहिक विवाद में पति के खिलाफ केस किया रद

विसं, जागरण ● लखनऊ : इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा कि संतान न होने के कारण पति द्वारा पत्नी को 'बांझ' कहना भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 498-ए के तहत क्रूरता का अपराध नहीं है। कोर्ट ने टिप्पणी को असंवेदनशील माना, लेकिन इसे आपराधिक क्रूरता की श्रेणी में रखने से इन्कार किया। न्यायमूर्ति डॉ.कौशल जयेंद्र ठाकरे की पीठ ने हरिद्वार कुशवाहा की याचिका स्वीकार करते हुए उनके खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी। कोर्ट ने कहा कि आरोपों को एकमात्र दृष्टि सही मानने पर भी मामला मुख्य रूप से वैवाहिक विवाद का प्रतीत होता है। ऐसे में आपराधिक मुकदमा जारी रखना प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।



निजी अस्पतालों की फीस में भारी अंतर पर हाई कोर्ट गंभीर, मांगा नियमन का ब्योरा

विसं, जागरण ● इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने निजी अस्पतालों और अन्य स्वीनिकल संस्थानों में इलाज के नाम पर वसूली जाने वाली फीस में भारी अंतर पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। कोर्ट ने कहा कि बीमारी की मजबूरी का फायदा उठाकर आम आदमी से अत्यधिक शुल्क वसूलना स्वीकार्य नहीं है। पीठ ने निजी अस्पतालों में शुल्क के नियमन के लिए मौजूदा कानून की समीक्षा और आवश्यकता होने पर नया कानून बनाने या संशोधन पर केंद्र व राज्य सरकार को विचार करने को कहा है। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की पीठ ने 'वी द पीपल' की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अगली सुनवाई 21 सितंबर को होगी। कोर्ट ने सरकारी स्वास्थ्य से संबंधित अस्पतालों का जिलेवार ब्योरा भी मांगा है।

फर्जी डिग्रियां बनवाकर बेचने वाले गिरोह का सरगना 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

जाऽ, कानपुर : जेएस यूनिवर्सिटी शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) सहित अन्य विश्वविद्यालयों की फर्जी मार्कशीट-डिग्रियां बनाने वाले गिरोह के सरगना 25 हजार रुपये के इनामी अखिलेश शुक्ला को पुलिस ने गुरुवार रात गिरफ्तार किया। उसके और उसके भाई के खातों में 2015 से अब तक 50 करोड़ रुपये का लेनदेन पाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह 2010 के बाद छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में नौकरी कर चुका है। उस पर लखनऊ के गोमतीनगर थाने में फर्जी मार्कशीट-डिग्रियां बनाने के आरोप में मुकदमे दर्ज हैं। पिछले वर्ष दिसंबर में वह इसी मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने फरवरी में एक अन्य गिरोह को पकड़ा था, जिसमें नौ राज्यों के 14 विश्वविद्यालयों की एक हजार से अधिक फर्जी मार्कशीट और डिग्रियां मिली थीं।

पुलिस को रौंदने का मंसूबा पालने वालों का दंभ चकनाचूर : योगी

रासं, जागरण ● लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की नई कार्यान में पुलिस की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि पहले कई लोग एक सीधी से कि वे अपने संख्या बल से पुलिस को रौंद देंगे, लेकिन अब उनका दंभ चकनाचूर हो चुका है। सुशासन के लिए सुरक्षित माहौल और अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस आवश्यक है। योगी ने पुलिसकर्मियों को सम्मान में पुलिस गीत 'खाकी का सितारा' की लाइन के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने आतंकवाद, दंगे और नक्सलवाद को कायरता की निशानी बताया। मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि पिछले नौ वर्षों से प्रदेश दंगा और कर्फ्यूमुक्त है। उन्होंने फर्रुखाबाद में 23 बच्चों को सुरक्षित छुड़ाने के अभियान का उदाहरण दिया। योगी ने कहा कि अब कानून के सामने किसी की पहचान का महत्व नहीं होगा, और दुस्साहस करने वालों को सख्त सजा मिलेगी।

पिता की पाबंदियों से परेशान बेटे ने की हत्या, फिर मेट्रो के आगे कूदा

- पिता को कुल्हाड़ी से काटने के बाद दी श्रद्धांजलि, फिर ताला लगाकर निकला बेटा
- सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन पर बुधवार सुबह ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

जाऽ, नोएडा : पिता की तालिबानी सख्ती और मां से बिछुड़ने के दर्द से परेशान किशोर ने दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया। बुधवार तड़के सोते सपने पिता की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। इसके बाद, सुबह सब सात बजे सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन पहुंचकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जांच में पता चला कि वह शव के साथ करीब छह घंटे रहा और पिता की तस्वीर रखकर श्रद्धांजलि भी दी। कुल्हाड़ी नई होने के कारण इसे ऑनलाइन खरीदे जाने की आशंका है। बीकानेर स्थित स्टील प्लांट (झारखंड) के पास रहने वाले कामर्स ट्यूटर राजू शर्मा 2005 से नोएडा में रह रहे थे। पत्नी रूबी से 11 साल पहले तलाक हो चुका था। वह 16 वर्षीय बेटे अमूल के साथ किराए के मकान में रहते थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, राजू बेटे को घर से बाहर नहीं जाने देते थे और टहूलना पड़ोने के दौरान उसे घर में बंद कर देते थे। अमूल ने पढ़ रहा था और न ही उसके कोई दोस्त थे। राजू के सनकी स्वभाव के कारण रिश्तेदार भी संपर्क में नहीं थे।

पुलिस को बुधवार को मेट्रो स्टेशन से अमूल के बैग में पिता और अपने पौबाइल, घर की चाबियों का गुच्छा मिला। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद रूबी बेटे का शव दे गई।

हादसों पर अंकुश के लिए सड़कों के गड्ढों को तत्काल भरेगा पीडब्ल्यूडी

रासं, जागरण ● लखनऊ : प्रदेश में प्रतिवर्ष सड़कों पर बने गड्ढों के कारण औसतन 1025 से अधिक मौतों को न्यूनतम करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने बारिश के दौरान भी गड्ढों को कारगर पैच कर मोटरेबल बनाए रखने का निर्देश दिया है। अभियंता गड्ढों को गिट्टी, बालू, ईंट के टुकड़ों और मिट्टी से भरकर चलने योग्य बनाएंगे। सिंतंबर के बाद गड्ढों को पक्का पैच किया जाएगा।

आमजन भी गड्ढों की सूचना इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर विभाग के हैंडल @uppwdofficial पर दे सकेंगे। लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष के द्विवेदी ने बताया कि कच्चा पैच बनाते हुए गड्ढों को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए हैं।

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Ports, Shipping and Waterways, Government of India)
A-13, Sector-1, Noida - 201301 (U.P.) Tel.: 0120-2474000 & 2544000

संदिग्ध रोजगार सूचना संख्या: INSA-17011/6/2026-ADMIN RECTT दिनांक 14.08.2026

गाजीपुर अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा फील्ड स्टाफ के एक रिक्त पद को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, निम्नलिखित आवेदन में 08 वर्ष की अवधि के लिए होगी।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन है। निर्धारित प्रारूप में आवेदन सचिव मण्डल से सहायक सचिव (प्रशासन पूर्व स्थापना), भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, A-13, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (उ.प्र.) को संबोधित करते हुए, प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों, पिछले 3 वर्षों की APAR's आदि के साथ केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे जाएं। अधिक जानकारी के लिए www.iwai.gov.in पर जाएं।

कृते/-
सचिव

बैंक ऑफ बड़ौदा
Bank of Baroda
शाखा: मैनपुरी, मैनपुरी
मो- 8477009391

ई-नीलामी सूचना

[परिशिष्ट IV-A (नियम 8(6)/9(1) के लिए प्रारूपण]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचित ऋण लेनदारों को तथा विशेष रूप से ऋणधर/बंधकदार/गारंटीदार को भी एतद्वारा सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ बड़ौदा के पास गिरवी/प्रभारित है, का पार्थक्यित/भौतिक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, की "जहाँ है कि, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीलामी की जाएगी। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर के नाम व पते	मांग सूचना दिनांक तथा राशि (रु)	सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु) जमा धरोहर राशि (रु)
1.	ऋणी- मेसर्स जय इन्फान एग्रो प्रोसेसर्स अपने प्रोप्रा. श्री राम कुमार अग्रवाल पुत्र श्री मुरली पर असरावल के माध्यम से, पता- वाहनचौक नगर, महोदा गढ़ा, कासला हाउस नं. 1 मा.स., मैनपुरी- 205001	25.03.2026 27,99,291.36 + ब्याज व अन्य खर्चे	1. शाखिक बंधक आवासीय संपत्ति स्थित गली नं. 5, भवंत रोड, गौजा खरपरी, हदिबा: 152.63 वर्ग मीटर (1643.00 वर्ग फीट), चंहदि श्री राम कुमार अग्रवाल पुत्र मुरली पर अग्रवाल के नाम पर, चौहद्दी: पूर्व: रोड से भाद प्लाट सिंह फटीरिया की आरणी, पश्चिम: निक्रेता का प्लॉट, उत्तर: रोड से भाद चौहि सिंह का प्लॉट, दक्षिण: रामबाबू गुप्ता का मकान 2. शाखिक बंधक आवासीय संपत्ति स्थित गली नंबर 5, भवंत रोड, गौजा खरपरी, हदिबा: 18-56 वर्ग मीटर (200.00 वर्ग फीट), संपत्ति श्री राम कुमार अग्रवाल पुत्र मुरली पर अग्रवाल के नाम पर, चौहद्दी: पूर्व: रोड, पश्चिम: सुरेंद्र सिंह का प्लॉट, उत्तर: राम कुमार का प्लॉट, दक्षिण: 4 फीट चौड़ी सड़क उसके बाद शिव कुमार का प्लॉट	आरक्षित मूल्य: 36,72,000/- जमा धरोहर राशि: 3,67,600/- वृद्धि राशि: 10,000/-

संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय 09.09.2026 सुबह 10:00 से शाम 04.00 बजे तक
ई-नीलामी दिनांक : 23.09.2026, समय : सुबह 10:00 बजे से लेकर 02:00 बजे तक
प्रस्तुत नीलामिता ईकाय्यी राशि पोर्टल https://www.baanlaan.co.in/ के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा/एम/एसई/फर्म/कंपनियों/कॉर्पोरेट कार्ड या डेबिट कार्ड के द्वारा अनिवार्यतः जमा कर सकती है।
बैंक की जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर भार का विवरण - ज्ञात नहीं है।
विक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm देखें/कार्य करें https://www.baanlaan.co.in/ या, संपर्क्ति बोर्डकारी प्राधिकृत अधिकारी के फोनबुक 8477009391 पर संपर्क कर सकते हैं।
संदेहित्यों वाली संपत्ति के लिए बैंक नीलामी फीस की संदेहित्य राशि की जानकारी दी जाएगी।
सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना
इस बिक्री नोटिस को उपरोक्त ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं)/बंधककर्ता(ओं) को लिए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/नियम 9(1) के तहत 30 दिनों के नोटिस के रूप में भी माना जाएगा।
दिनांक: मैनपुरी दिनांक : 15-06-2026 प्राधिकृत अधिकारी

एक नजर में

सिपाही की पत्नी ने सर्विस राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या

सहारनपुर : खान विभाग की गार्ड में तैनात सिपाही की पत्नी ने पति की सर्विस इसास राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सिपाही रात की ड्यूटी कर सुबह गाड़ियल पर ले आया था। पुलिस ने हिरासत में लेकर सिपाही से पूछताछ शुरू कर दी है। 2016 बैच के सिपाही दीकू सिंह की शादी 2019 में सरिता से हुई थी। वह 32 वर्षीय पत्नी, पांच साल की बेटी ज्योत्सना व तीन साल की अंश के साथ किराए पर रह रहा था। पुलिस जांच में पता चला है कि दीकू और सरिता के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। -जाग

प्रापर्टी टैक्स बकायेदारों को ओटीएस योजना आज से

लखनऊ : यहां से प्रापर्टी टैक्स के बकाये में फंसे लाखों भवन स्वामियों के लिए बड़ी राहत की खबर आ गई है। शनिवार 15 अगस्त से प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकायों में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शुरू होने जा रही है। योजना के तहत बकायेदारों को केवल मूल धनराशि, जलकर और सीवरेज जमा करना होगा। और इसके साथ जुड़ा शत प्रतिशत ब्याज व सरचार्ज माफ कर दिया जाएगा। सरकार ने योजना का लाभ उठाकर बकाया चुकाने के लिए 15 दिसंबर तक का समय दिया है। -राधू

332 नायब तहसीलदार तहसीलदार पद पर पदोन्नत

लखनऊ : प्रदेश सरकार ने 332 नायब तहसीलदारों को प्रोन्नति देकर तहसीलदार बना दिया है। इसके लिए विभागीय प्रोन्नति समिति ने बैठक और सात अगस्त को बैठक की थी। राजस्व परिषद के आदेश में कहा गया है कि नायब तहसीलदारों को 1,77,500 रुपये के वेतनमान में तहसीलदार पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत अधिकारी लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, बस्ती, आगरा, गोरखपुर, मेरठ, अयोध्या में तैनात हैं। -राधू

बार कौंसिल चुनाव में आठ और प्रत्याशी दौड़ से बाहर

प्रयागराज : बार कौंसिल आफ यूपी के चुनाव में द्वितीय वरीयता मतों की गिनती शुक्रवार को भी जारी रही। इस दिन आठ प्रत्याशी चुनावी दौड़ से बाहर हो गए। अब 210 प्रत्याशी सदस्य पद की होड़ में हैं। दौड़ से बाहर हुए प्रत्याशियों में प्रभात कुमार सिंह अरुण- लखनऊ, अतुल कुमार पांडेय- प्रयागराज, सरोज यादव- आगरा, नीरज सिंह- प्रयागराज, सुशील कुमार पांडेय- कौशांबी, अजय कुमार शुक्ला- लखनऊ, विपिन कुमार- गाजियाबाद, मुन्ना सिंह, लखनऊ शामिल हैं। -विज

तमाचा मारने की रंजिश में युवक का हाथ काटा

अयोध्या : मामूली विवाद की रंजिश में युवक का बायां हाथ काट दिया गया। चार आरोपित वारदात के बाद कटा हाथ भी साथ ले गए। घायल दीनबन्धु को राजकीय दशरथ मेडिकल कालेज दर्शनगंगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपित गौतम उसके सहयोगी पिंटू, प्रकाश और एक अन्य को कटे हाथ के साथ हिरासत में लिया है। -जाग

रेलवे में आइसोलेटेड कैटेगरी के 300 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

जासं, प्रयागराज : रेलवे ने वर्ष 2026 के लिए 'आइसोलेटेड कैटेगरी' के विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से आरंभ कर दी है। 300 से अधिक पदों पर यह भर्ती होगी। बोर्ड ने 31 दिसंबर 2027 तक संभावित रूप से खाली होने वाले पदों का आकलन कर मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर जोरार देने के निर्देश जारी किए हैं। जोन स्तर पर 21 अगस्त तक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। सितंबर-अक्टूबर में केंद्रीकृत विज्ञापन जारी होंगे और दिसंबर में आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी।

नकली पनीर में सफेदी लाने के लिए मिला रहे केमिकल

रासं, जागरण ● लखनऊ : दूध और उससे बने उत्पादों में खतरनाक औद्योगिक रसायनों का प्रयोग हो सकता है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की 24 टीमों ने गाजियाबाद, मथुरा व सहारनपुर में 24 टीमों की छापेमारी, छह पर एफआइआर दर्ज

गाजियाबाद, मथुरा व सहारनपुर में 24 टीमों की छापेमारी, छह पर एफआइआर दर्ज

लिया, किडनी और बोन की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इस अभियान में छह एफआइआर दर्ज की गईं। जिम्मेदार अधिकारियों ने बताया कि मेरठ, अलीगढ़ और आगरा मंडल में नकली पनीर का उत्पादन हो रहा है। कुल 25 विभिन्न इकाइयों पर कार्रवाई की गई, जबकि 72 खाद्य नमूने एकत्र किए गए।

शामली मुठभेड़ में बलिदानी सुनील कुमार को कीर्ति चक्र और वीरता पुरस्कार

रासं, जागरण ● लखनऊ : उत्तर प्रदेश के 93 पुलिस अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस पर वीरता, विशिष्ट और सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए जाएंगे। शामली की एक मुठभेड़ में बलिदानी एसीपीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति के वीरता पुरस्कार में भी उनका चयन हुआ है। शुक्रवार को जारी सूची में सुनील के अलावा यूपी पुलिस के 11 कर्मियों का नाम शामिल है। छह अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए और 75 अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक दिया जाएगा। वीरता पदक प्राप्त करने वालों में आइपीएस अधिकारी से लेकर हेड कांस्टेबल तक शामिल हैं, जिनमें से तीन को दूसरी बार यह सम्मान मिला है।

एसीपीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार 20 जनवरी 2025 को शामली में मुठभेड़ के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए थे और 22 जनवरी को उनका निधन हो गया। उनके यूपी पुलिस के 11 अन्य अधिकारियों को वीरता, छह को विशिष्ट और 75 को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार

अतिरिक्त जिन 11 कर्मियों को वीरता पदक मिलेगा, उनमें रापनिरीक्षक अक्षत परवीर त्यागी, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, और अन्य शामिल हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पुलिस, फायर, होमगार्ड और सुधार सेवाओं के अधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस पर होगा सम्मान : 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पुलिस, फायर, होमगार्ड व सिविल डिफेंस और सुधार सेवाओं के अधिकारियों-कर्मचारियों को अलग-अलग श्रेणियों में पदक दिए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पुलिस की सूची में इस बार वीरता के साथ-साथ लंबे समय तक उत्कृष्ट सेवा देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का भी नाम है, इन्हें भी समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस पर 60 जेलकर्मियों को मिलेगा डीजी प्रशस्ति चिह्न

रासं, जागरण, लखनऊ : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन व सुधार सेवाएं विभाग के 60 कार्मिकों को महानिदेशक कारागार का प्रशस्ति चिह्न (हीरक) प्रदान किया जाएगा। सम्मान पाने वालों में अधीक्षक, उप कारागार, हेड जेल वार्डर और जेल वार्डर संवर्ग के कार्मिक शामिल हैं। अधीक्षक संवर्ग में जिला कारागार महराजगंज के अधीक्षक इंज किशोर कुमार गौतम और जिला कारागार पीलीभीत के अधीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय को सम्मान के लिए चुना गया है। हेड जेल वार्डर संवर्ग में अलीगढ़ के धीरेन्द्र सिंह समेत अन्य को प्रशस्ति चिह्न दिया जाएगा। जेल वार्डर संवर्ग में मथुरा के देवदत्त समेत अन्य कार्मिक शामिल हैं। सम्मानित होने वाले कार्मिकों की सूची महानिदेशक कारागार एवं सुधार सेवाएं पीसी मीणा की ओर से जारी की गई है।

स्वार्थी नेता किए जा रहे बाहर, मायावती ने ब्राह्मण समाज को किया आश्वस्त

रासं, जागरण ● लखनऊ : पूर्व मंत्री अनंत कुमार मिश्रा उर्फ अंटू मिश्रा को पार्टी से बाहर करने के बाद बसपा को राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि ब्राह्मण सहित अन्य सभी समाज के जो नेता पार्टी से निकाले गए हैं, वे या तो निजी स्वार्थ में दूसरी पार्टियों में चले गए हैं या फिर अपने गलत कार्यों पर पर्दा डालने के लिए सत्ताधारी पार्टी में शामिल हो गए हैं। ऐसे लोगों ने बसपा की सरकार के समय में भी निजी व पारिवारिक स्वार्थ के लिए पार्टी से फायदा उठाया। मायावती ने ब्राह्मण समाज को आश्वस्त करते हुए कहा कि टिकट वितरण से लेकर सरकार में हिस्सेदारी तक समाज को पूरा सम्मान दिया जाएगा।



- बसपा प्रमुख ने कहा, सभी समाज के पार्टी विरोधी नेताओं का हो रहा निष्कासन
- खरगे की सभा के बाद हल्द्वानी में किए गए शुद्धीकरण को भी बताया निंदनीय

शुक्रवार को मायावती ने एक्स पर लिखा कि बसपा सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीतियों पर चलने वाली पार्टी है। निष्कासित किए गए नेताओं ने पार्टी में रहते अपने समाज को भी ठीक से बसपा से नहीं जोड़ा। इसके कारण पिछले कई लोकसभा व विधानसभा चुनावों में पार्टी को नुकसान भी उठाना पड़ा है। मायावती ने दलित समाज से अपील की कि सर्वसमाज आधारित बसपा को जमीनी स्तर पर तैयार करने में अहम भूमिका निभाएं। मायावती ने हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यक्रम के बाद मंच का शुद्धीकरण करने की निंदा की और सरकार से जातिवादी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

डीआइजी को मिला गैलेंट्री अवार्ड, आगरा में दो बदमाशों को किया था ढेर

जासं, मुरादाबाद : गृह मंत्रालय भारत सरकार ने मुरादाबाद के डीआइजी मुनिराज जी को गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया है। मुनिराज जी ने पांच वर्ष पूर्व आगरा में एसएसपी के पद पर रहते हुए वरिष्ठ चिकित्सक का अपहरण करने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर किया था। तमिलनाडु के जिला धर्मपुरी के निवासी मुनिराज जी, उत्तर प्रदेश कैडर के 2009 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं और फिलहाल मुरादाबाद में तैनात हैं। वर्ष 2021 में आगरा में एसएसपी रहते हुए डाक्टर उमाकांत गुप्ता का अपहरण कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। पुलिस ने डाक्टर को सुरक्षित बचाने के साथ ही बदमाश अदन सिंह और अजय उर्फ चंचे पांडेय को मुठभेड़ में मार गिराया। मुनिराज जी की वीरता के लिए उन्हें यह सम्मान मिला है।



स्वच्छता सर्वेक्षण 2026
स्वच्छता सर्वेक्षण 2026
स्वच्छ सर्वेक्षण 2026
नगर पंचायत बाजना
सभी नगर पंचायत वासियों से अपील की जाती है की नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नगर पंचायत का सहयोग करें
राजेश चौधरी
विधायक, मांट
सुभाष चौधरी
अध्यक्ष: नगर पंचायत बाजना
सुशील कुमार
अधिशासी अधिकारी /डिप्टी कलेक्टर
सभी नगरवासियों से अपील
■ स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में सहयोग प्रदान करें।
■ हाउस टैक्स और जलमूल्य टैक्स समय से जमा करें।
■ नगर में गंदगी न फैलाएं।
■ एलास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग न करें।
हेमलता देवी सभासद
प्रीति देवी सभासद
सरोज देवी सभासद
हेमराज सभासद
रवेन्द्र चौधरी सभासद
डॉली अग्रवाल सभासद
कन्हैया शर्मा सभासद
ललिता देवी सभासद
विवेक वार्ष्णेय सभासद
विकास कुमार सभासद
ऋषिपाल चौधरी टैक्स कलेक्टर न.पं. बाजना
मनोनीत सभासद
• चन्द्र प्रकाश अग्रवाल
• दिनेश कुमार
• गीता देवी